हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

06 विश्व शांति के लिए जीतो के आह्वान पर सामूहिक जाप



07 शाही दवाखाना के नाम पर उपचार कर रहे दो युवकों पर एफआईआर





# जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में सड़कों पर उतरे किसान, गुना में कांग्रेस का बड़ा हल्लाबोल

- कलेक्ट्रेट का घेराव कर राज्यपाल के नाम सौंपा 12 सूत्रीय ज्ञापन
- जयवर्धन बोले- किसानों को 'मामू' बना रही है भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार को किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर शहर में एक विशाल विरोध प्रदर्शन और रैली का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष और राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और किसानों ने प्रदेश व केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद एक रैली निकाली गई और कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जयवर्धन सिंह ने मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले 15 मार्च, फिर 31 मार्च और फिर 1 अप्रैल से गेहूं खरीदी की घोषणा की, लेकिन हकीकत में किसानों का 'अप्रैल फूल' बना दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि पड़ोसी जिले राजगढ़ में पोर्टल खुल चुका है, लेकिन केंद्रीय मंत्री का निर्वाचन क्षेत्र गुना में अभी तक स्लॉट बुकिंग शुरू नहीं हुई है। जयवर्धन सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार की नीयत साफ नहीं है। यदि सरकार चाहती तो गेहूं का निर्यात बढ़ाकर दाम बढ़ा सकती थी, लेकिन एफसीआई और निजी गोदामों में लाखों मीट्रिक टन गेहूं पड़ा होने के बावजूद निर्यात सीमित रखा गया है, जिससे किसानों को एमएसपी का लाभ नहीं मिल रहा। विधायक ने उपार्जन व्यवस्था को जटिल बताते हुए कहा कि




मार्कफेड और सोसाइटी के अधिकारी किसानों के साथ भेदभाव कर रहे हैं। जो किसान लेनदेन करते हैं, उनका स्लॉट पहले बुक हो जाता है, जबकि आम किसान 2100 रुपये में गेहूं बेचने को मजबूर है। उन्होंने राघौगढ़ विधानसभा का उदाहरण देते हुए कहा कि जंजाली से मधुसूदनगढ़ तक केवल एक ही केंद्र बनाया गया है, जो किसानों के साथ भद्दा मजाक है।किसानों के साथ-साथ जयवर्धन सिंह ने महिलाओं के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की नई पात्र बालिकाओं को योजना में शामिल नहीं किया जा रहा है और 58 वर्ष से ऊपर की माताओं के नाम काटे जा रहे हैं। उन्होंने चुनाव पूर्व किए गए 3000 रुपये प्रति माह के वादे को तत्काल पूरा करने की मांग की।




## कांग्रेस की 12 मांगें

प्रदर्शन के बाद कांग्रेस ने जयवर्धन के नेतृत्व में राज्यपाल के 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया। केसीसी ऋण जमा करने की तारीख उपज खरीदी और भुगतान पूरा होने तक बढ़ाई जाए। ई-उपार्जन के साथ ऑफलाइन विकल्प अनिवार्य हो और बटाईदार/वनभूमि किसानों को शामिल किया जाए। 7 दिन के भीतर भुगतान सुनिश्चित हो, देरी पर सरकार दंड भरे। मंडियों में छांव, ठंडे पानी, प्याऊ और बायो-टॉयलेट की व्यवस्था हो। ओलावृष्टि प्रभावित चारों विधानसभा के किसानों को तत्काल राहत राशि दी जाए। मध्य प्रदेश में भी राजस्थान के समान गेहूं खरीदी दर लागू की जाए। मंडियों में वास्तविक व्यापारियों की पहचान हो और फर्जी खरीदारों पर सख्त कार्रवाई हो। योजना की लंबित किश्तें जारी हों और वादे के मुताबिक राशि 3000 रुपये की जाए शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रजीत यादव ने दशहरा मैदान पर किसानों की सुविधा के लिए कांग्रेस द्वारा लगाई गई प्याऊ का लोकार्पण किया। जयवर्धन सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों से अगले कुछ दिनों तक मंडियों में किसानों के साथ खड़े रहने की अपील की। इस प्रदर्शन के दौरान भाजपा की नीतियों से असंतुष्ट होकर कई स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा, जिनका जयवर्धन सिंह ने स्वागत किया।

## नगर के इंवेंट

### 91 वर्ष की आयु में दो लोगों की जिंदगी रोशन कर गईं स्व. कमला देवी जैन

गुना । लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना द्वारा 44 वां नेत्रदान सफल हुआ। 8 अप्रैल बुधवार को रमेश कुमार जैन पारस की माताजी कमलादेवी जैन का देवलोकगमन हो गया । उनके परिवारजन ने ऑखो को किसी जरूरतमंद को दान करने का विचार किया जिससे दो नेत्रहीन व्यक्तियों को रोशनी मिल सके। तभी चंद्रेश जैन एवं विकास टांटिया के प्रेरणा से उन्होंने यह महापुण्य करने के लिए लायंस नेत्र चिकित्सालय के नेत्रदान संयोजक लायन आलोक अग्रवाल से संपर्क कर लायंस नेत्र चिकित्सालय की टीम को नेत्र दान करने के लिये सूचित किया। तभी लायंस नेत्र चिकित्सालय की टीम पूजा राजपूत, ईश्वरी जादोन, तरूण योगी के सहयोग से नेत्रदानी स्व. कमला देवी जैन की ऑखो को लायंस नैत्र चिकित्सालय गुना को दान किया गया। जो कि तत्काल इंदौर अस्पताल को भेजी गई। जिसको अस्पताल के द्वारा दो जरूरतमंद व्यक्तियो को, यह ऑखे सफल प्रत्यारोपित की जाएंगी। अभी तक 44 पुण्यआत्माओं ने अपनी आखों को दान कर 88 जरूरतमंद व्यक्तियों को नेत्र ज्योति प्रदान की है। यह दान दृष्टिहीन व्यक्तियों को नई उम्मीद और नया जीवन देता है।नेत्रदान के लिए जरूरी नहीं कि संबंधित व्यक्ति ने पहले से संकल्प पत्र भरा हो।



### डॉक्टर दंपती का स्कूल ने किया अभिनंदन



गुना। शहर के प्रसिद्ध स्कूल वंदना कान्वेंट ने सिद्धि विनायक हॉस्पिटल के संचालक डॉ भूपेंद्र सिंह धाकरे के साथ डॉ सुनीता धाकरे का अभिनंदन किया पिछले दिनों स्कूल में मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया था तब कुछ बच्चे और टीचर्स को मधुमक्खियों द्वारा काट लिया गया था स्कूल प्रबंधन के द्वारा सहायता के लिए डॉक्टर धाकरे दंपति को फोन लगाया गया जिस पर तुरंत समय न लेते हुए तुरंत डॉक्टर दंपती ने विद्यालय आकर मधुमक्खी के हमले में घायल हुए बच्चों और टीचर्स का तुरंत इलाज किया जिससे उनको आराम मिला इस मानवीय संवेदना पर स्कूल प्रबंधन द्वारा आज डॉक्टर दंपति को शाल श्रीफल और पौधे देकर सम्मानित किया इस कार्य में स्कूल के स्पोर्ट्स टीचर शंकर राठौर के साथ म्यूजिक टीचर सुनील शर्मा ने भी डॉक्टर साहब का विशेष सहयोग किया सम्मान समारोह के साथ पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भी रखा गया जिसमें डॉक्टर साहब द्वारा बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया पहले भी कोरोना कल के समय में भी डॉक्टर भूपेंद्र धाकरे और उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर सुनीता धाकरे ने सामाजिक और चिकित्सा के क्षेत्र में बाढ़-चलकर हिस्सा लिया था और आम लोगों की अत्यधिक सहायता की थी ।

## दिनदहाड़े फायरिंग से दहला गुना

# दुकान संचालक पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं, बची जान

**घटना के मुख्य बिन्दु**

- मंडी गेट पर दिनदहाड़े फायरिंग करीब 20 फीट दूरी से किए गए दो फायर। तीसरी गोली पिस्तौल में फंसी।
- दुकानदार ने दिखाया साहस, आरोपी को पकड़ा।
- पुलिस ने मौके से आरोपी को हिरासत में लिया।



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के नानाखेड़ी मंडी गेट क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक युवक ने पुरानी रंजिश के चलते एक दुकानदार पर पिस्तौल से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली दुकानदार को नहीं लगी और एक बड़ा हादसा टल गया।

### कैसे हुई वारदात

जानकारी के अनुसार, राधा कॉलोनी निवासी संजीव जैन की नानाखेड़ी मंडी गेट के पास पुरानी गाड़ियों की खरीद-फरोख्त की दुकान है। गुरुवार को वे अपनी दुकान पर मौजूद थे, तभी एक युवक चेहरे पर कपड़ा बांधकर बाइक से वहां पहुंचा।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरोपी ने आते ही संजीव जैन को ललकारते हुए कहा—"मैं बताता हूं तुझे, तू बहुत बड़ा गुंडा बनता है।"इसके बाद उसने पिस्तौल निकालकर करीब 20 फीट की दूरी से दो फायर झोंक दिए। संजीव जैन ने फुर्ती दिखाते हुए खुद को बचा लिया, जिससे दोनों गोलियां उनके कान के पास से निकलकर दुकान की दीवार में जा धंसीं। जब आरोपी तीसरी बार फायर करने लगा, तो पिस्तौल में गोली फंस गई—यही पल उसकी गिरफ्तारी का कारण बन गया।

### दुकानदार ने दिखाई बहादुरी

तीसरा फायर फेल होते ही आरोपी छोटू बैरागी घबरा गया और भागने लगा, लेकिन संजीव जैन ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने शोर मचाया और स्थानीय लोगों की मदद से आरोपी को पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी को दुकान के अंदर धकेलकर बाहर से शटर बंद कर दिया गया।

सूचना मिलने पर कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पुलिस ने घटनास्थल से कारतूस के खोखे और छर्रे भी बरामद किए हैं।

### पुरानी रंजिश बनी हमले की वजह

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह हमला महज दो-तीन दिन पुरानी रंजिश का नतीजा है।

बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले संजीव जैन के कर्मचारी और आरोपी छोटू बैरागी के बीच एक्सीडेंट को लेकर विवाद हुआ था। मामला थाने तक पहुंचा और बाद में समझौता भी हो गया था, लेकिन आरोपी के मन में रंजिश बनी रही।

इसी खुन्नस में आरोपी गुरुवार को अवैध हथियार लेकर दुकान पर पहुंचा और हमला कर दिया।

### पुलिस कार्रवाई जारी है

कैंट थाना पुलिस ने आरोपी छोटू बैरागी के खिलाफ हत्या के प्रयास आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

दिनदहाड़े भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई इस फायरिंग की घटना ने शहर की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी के पास अवैध हथियार कहां से आया।

## महामासिक मिलन व शाखा वार्षिक अधिवेशन संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

महामासिक मिलन एवं गुना शाखा का वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुदेव आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चित्र का अनावरण वरिष्ठ समाज सेवी वीर प्रदीप गांधी द्वारा किया गया, तत्पश्चात अतिथिओ द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। सामूहिक महावीर प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में सभी अतिथिओं का स्वागत, जैन मिलन गुना के अध्यक्ष वीर उम्मेदमल गोलेछा ने करते हुए, शाखा द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य की विस्तृत जानकारी दी गई। शाखा सचिव वीर मुकेश जैन द्वारा सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन द्वारा वर्ष भर का लेखा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में नगर में स्थापित सभी मिलन शाखाओं के वीर, वीरांगना,एवं समाज बन्धुओं ने सहभागिता देकर मिलन भावना का परिचय दिया। विशेष रुप से आमंत्रित अतिथि श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति गुना के यशस्वी अध्यक्ष संजय जैन कामिनी,एवं महामंत्री अनिल जैन अंकल, श्वेताम्बर जैन समाज गुना के अध्यक्ष पवन कुमार जैन एडवोकेट, पुण्योदय अतिशय क्षेत्र बजरंगगढ़ कमेटी के अध्यक्ष एस के जैन , नगर जैन मिलन के संरक्षक वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एस पी जैन, भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय विशिष्ट संरक्षक विजय जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय कुमार जैन एड, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रमोद चौधरी, मुनि सुब्रत नाथ जिनालय के संयोजक मनोज जैन स्वराज उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा अपने उद्बवोदन में भारतीय जैन मिलन द्वारा देश विदेश में किए जा रहे सेवा कार्य की सहराना करते हुए, जैन मिलन में युवाओं को जोड़ने का सुझाव दिए गए, शाखा अध्यक्ष उम्मेदमल गोलेछा द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित वाटर कूलर शीतल (जल सेवा) जो वर्षभर लोगों को शीतल जल प्रदाय कर रहे हैं, की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में शाखा के सदस्यों को उनके द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य एवं विभिन्न क्षेत्रों मे दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें सेवावीर अवॉर्ड से इंजी. पी के जैन, मिलनवीर अवॉर्ड से इंजी. एस सी जैन, भक्तिवीर अवॉर्ड से डॉ एम के जैन , धर्मवीर अवार्ड से डॉ हर्षवर्धन जैन, ज्ञानवीर अवॉर्ड से मुन्ना लाल जैन, श्रमवीर अवॉर्ड से विवेक जैन रोकड़िया , कर्मवीर अवॉर्ड से इंजी. मुकेश जैन, वीर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से संजय जैन चौधरी, श्रेष्ठवीर अवॉर्ड से संजय जैन लुकवासा वाले, श्रेष्ठवीर अवॉर्ड से प्रदेश जैन सिंघई, अतिविशिष्ट सेवा सम्मान अवॉर्ड से अतिवीर कबूल चंद जैन एवं वीर कैलाश चंद जैन (कक्का जी) को सम्मानित किया गया, जिसे पधारे हुए अतिथियों ने खूब सराहा। भगवान महावीर के जन्मकल्याणक के अवसर पर भारतीय जैन मिलन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम, पूरे देश के साथ गुना में भी ₹महामासिक मिलन समारोह₹ का आयोजन भी सम्पन्न हुआ। बीच-बीच में मनोरंजन एवं लकी ड्रा कार्यक्रम भी हुए। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर मुकेश जैन द्वारा किया गया एवं आभार एवं धन्यवाद वीर इंजीनियर पी के जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन अरहन्त स्तुति से हुआ।



## भुजरिया तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए व्यापक विकास योजना पर चर्चा

गुना। भुजरिया तालाब के सौंदर्यीकरण एवं समग्र विकास को लेकर कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में नगरीय प्रशासन, राजस्व विभाग एवं आर्किटेक्ट टीम के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार सहित एडीएम अखिलेश जैन, एसडीएम शिवानी पाण्डेय, सीएमओ मंजुषा खत्री सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में तालाब को पर्यटन और स्थानीय नागरिकों के लिए आकर्षक स्थल के रूप में विकसित करने हेतु प्रारंभिक रूपरेखा प्रस्तुत की गई। आर्किटेक्ट टीम ने प्रस्तावित योजना में तालाब के चारों ओर आउटर रोड के साथ वॉकिंग और जॉगिंग ट्रैक विकसित करने की जानकारी दी। इसके साथ ही परिसर में किड्स जोन, फन जोन, वोकल फॉर लोकल मार्केट और सुव्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था करने का प्रस्ताव रखा गया, जिससे अधिक से अधिक लोग यहां आ सकें।योजना के तहत तालाब के मध्य स्थित टापू को आकर्षक सेल्फी पॉइंट के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके चारों ओर स्थायी जलभराव के साथ डीप वॉटर जोन तैयार किया जाएगा। साथ ही पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों के लिए बोटिंग (नौकायन) सुविधा शुरू करने की भी तैयारी है। बैठक के दौरान कलेक्टर ने राजस्व विभाग को निर्देश दिए कि प्रस्तावित क्षेत्र में स्थित शासकीय एवं निजी भूमि का विस्तृत विवरण शीघ्र तैयार किया जाए, ताकि एक प्रभावी और समग्र मास्टर प्लान बनाकर उसे अंतिम रूप दिया जा सके और शासन को अनुमोदन के लिए भेजा जा सके। इस विकास योजना के पूर्ण होने के बाद भुजरिया तालाब क्षेत्र न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाएगा, बल्कि यह एक प्रमुख पर्यटन और मनोरंजन केंद्र के रूप में भी उभरेगा।



## अतिक्रमण अमले ने विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और सख्त कार्रवाई की

# नपा गुना की स्वच्छता मुहिम में अतिक्रमण हटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छता एवं अतिक्रमण विरोधी अभियान लगातार तेज़ होता जा रहा है। इसी क्रम में प्रातःकालीन भ्रमण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नेतृत्व में नगर पालिका के तकनीकी, स्वच्छता एवं अतिक्रमण अमले ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और सख्त कार्रवाई की।भ्रमण के दौरान स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही अतिक्रमण हटाने की मुहिम भी चलाई गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले अतिक्रमणकारियों के खिलाफ चालान बनाए गए तथा मौके पर ही जुर्माना वसूला गया।मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने हाट रोड का निरीक्षण करते हुए रपटे के पास फल विक्रेताओं को पूर्व में दी गई समझाइश के बावजूद सड़क घेरकर व्यापार करने पर उनके ठेलों को जब्त कर चालानी कार्रवाई की। इसके बाद खटीक मोहल्ला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया, जहां सड़क पर अवैध रूप से लगाए गए मीट विक्रेताओं के ठेले भी जब्त किए गए ।निरीक्षण के दौरान सीएमओ द्वारा स्लॉटर हाउस पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। स्लॉटर हाउस के बाहर व्यवसाय कर रहे सभी मीट विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि वे तत्काल मीट मार्केट में शिफ्ट हों। निर्देशों का पालन नहीं करने पर लाइसेंस निरस्त करने, नियमित चालानी कार्रवाई और जब्ती की सख्त चेतावनी भी दी गई। साथ ही नगर पालिका अमले को स्लॉटर हाउस की व्यवस्थाएं दोपहर तक दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।लक्ष्मीगंज मंदिर गली में जल निकासी को बाधित करने वाले अतिक्रमण हटाए गए। यहां नाश्ता विक्रेताओं द्वारा सड़क पर कचरा फैलाने और दो डस्टबिन नहीं रखने पर एक-एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।सीएमओ ने सभी दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपनी दुकान की सीमाओं में ही व्यवसाय करें, सड़क और गली में अतिक्रमण न करें तथा ग्राहकों के वाहन गली के बाहर व्यवस्थित रूप से पार्क कराएं, ताकि आवागमन बाधित न हो।निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी रहे मौजूदनिरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, उपयंत्री नितिन चंदेल, स्वास्थ्य अधिकारी शिवराज सिंह सिकरवार सहित नगर पालिका का अमला एवं अतिक्रमण दस्ता उपस्थित रहा।नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि शहर में स्वच्छता और सुगम यातायात बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार और सख्ती से जारी रहेगा।




WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## समाचार संक्षेप

### वार्ड क्रमांक 11 में बढ़ता प्रदूषण बना गंभीर संकट, प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गोकुल नगर, वार्ड क्रमांक 11 में फैल रहा धुएं के कारण निवासियों के लिए रहना मुश्किल हो गया है। जीवन संकट में पड़ गया है और लोग विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैंर हवासियों के अनुसार, यह समस्या केवल सामान्य असुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि जहरीले धुएं से सांस संबंधी बीमारियां, आंखों में जलन और लगातार आंसू आने जैसी गंभीर परेशानियां तेजी से बढ़ रही हैंस्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो स्थिति और अधिक भयावह हो सकती है। क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए स्वच्छ हवा में सांस लेना भी मुश्किल होता जा रहा है। बस्ती होने से अन्यत्र लगाए जाए जिससे लोगों को परेशानी न हो शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या पर तत्काल ध्यान दिया जाए और प्रदूषण के स्त्रोत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि वार्ड क्रमांक 11 के नागरिकों को राहत मिल सके और उनका जीवन सुरक्षित रह सके।

### चाचौड़ा पेंशनर संघ की मीटिंग हुई संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭चाचौड़ा

ऑल प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन मध्य प्रदेश के तत्वावधान में चाचौड़ा के पत्रकार भवन में पेंशनरो की मीटिंग संपन्न हुई इसमें बाहर से पधारे हुए पेंशनर संघ के अधिकारियों ने पेंशनरों की मूलभूत समस्याओं को लेकर अपने विचार प्रकट किए। एवं समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें उपाय बताएं। उन्होंने कहा कि महीने में एक मीटिंग आवश्यक रखें और सभी पेंशनरों की समस्याओं को उनसे साझा करें और उनके समाधान के लिए अधिकारियों से बात करें इस अवसर पर पेंशनर संघ चाचौड़ा के अध्यक्ष कैलाश नाथ ने बाहर से आए अतिथियों का पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया एवं सभी साथियों की समस्या के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की इस अवसर पर राघोगढ़ पेंशनर संघ के अध्यक्ष आर बी सिंह परिहार, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ,संतोष सिंह शिक्षक, जे पी भार्गव शिक्षक, जगदीश सिंह राजपूत, ने अपने अनुभव साझा किये। एवं जो पेंशनर साथियों का निधन हो चुका है उन साथियों के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि भी संघ के साथियों द्वारा दी गई।

### बजरंगगढ़ तीर्थ में गूंजा नवकार महामंत्र, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दी आहुति

# विश्व शांति के लिए जीतो के आह्वान पर सामूहिक जाप

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



विश्व शांति और लोक कल्याण की भावना के साथ गुरुवार को पुण्योदय अतिशय क्षेत्र बजरंगगढ़ में सामूहिक नवकार महामंत्र जाप का भव्य आयोजन किया गया। जीतो के वैश्विक आह्वान पर आयोजित यह कार्यक्रम प्रातः 8:01 बजे प्रारंभ होकर 9:36 बजे तक चला, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने एक मंच पर आकर मंत्रोच्चार किया। क्षेत्र के अध्यक्ष एसके जैन ने नवकार महामंत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस मंत्र की शक्ति से न केवल आत्मिक शांति मिलती है, बल्कि संपूर्ण विश्व में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में क्षेत्र कमेटी के महामंत्री प्रदीप जैन, राजीव जैन, संजय जैन कटारिया, राजीव जैन और अशोक जैन सहित सैकड़ों महिला-पुरुषों ने सहभागिता की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारत के हर शहर से विश्व शांति का संदेश वैश्विक स्तर पर प्रसारित करना रहा। अंत में सभी उपस्थित धर्मप्रेमियों का आभार व्यक्त किया गया।नवकार दिवस घोषित होने पर जैन समाज ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का जताया आभारइधर पाश्र्वनाथ बड़ा जैन मंदिर चौधरी मोहल्ला में केंद्र सरकार द्वारा 1 अप्रैल को नवकार दिवस घोषित किए जाने पर जैन समाज पंचायत ट्रस्ट गुना ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार प्रकट किया है। इस ऐतिहासिक निर्णय को लेकर समाज के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे अध्यात्म और धर्म की जीत बताया है। जैन समाज के अध्यक्ष संजय जैन, महामंत्री अनिल जैन, और प्रचार मंत्री अजय जैन सहित इष्ट कमेटी के सदस्यों ने कहा कि नवकार महामंत्र विश्व शांति का प्रतीक है और इसे राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलना गौरव की बात है। पदाधिकारियों ने भगवान पाश्र्वनाथ से देश की समृद्धि और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में धर्म की गंगा प्रवाहित होने की प्रार्थना की। इस अवसर पर सुरेश चंद जैन, प्रदीप बरखेड़ा, शैलेश चौधरी और सुनील जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे, जिन्होंने इस निर्णय का स्वागत करते हुए केंद्र व राज्य सरकार को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया।मुनिसुव्रतनाथ जिनालय में मनेगा जन्म कल्याणक महोत्सव, रजत पालकी में निकलेगी प्रभु की शोभायात्राइधर सुभाष कॉलोनी स्थित श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनालय में देवाधिदेव भगवान मुनिसुव्रतनाथ का दो दिवसीय जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव 11 और 12 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। यह आयोजन आचार्य श्री विद्यासागर महाराज एवं मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज के परोक्ष आशीर्वाद से संपन्न होगा।कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार, 11 अप्रैल को प्रातः 8 बजे भगवान के महामस्तकाभिषेक और शांतिधारा के साथ होगी।

इस अवसर पर भक्तों को मिष्ठान वितरण किया जाएगा। महोत्सव के दूसरे दिन रविवार, 12 अप्रैल को प्रातः 6:30 बजे रजत पालकी में भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा हाट रोड और पुरानी गल्ला मंडी होते हुए पुनः जिनालय पहुंचेगी, जिसमें पाठशाला के बच्चों और सर्वोदय महिला मंडल द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी। दोपहर में वात्सल्य भोज का आयोजन होगा, वहीं रविवार रात 7:30 बजे से भक्तामर जी के 48 काव्यों पर 48 दीपकों द्वारा महाआरती की जाएगी। जिनालय संचालन समिति ने सभी धर्मालु बंधुओं से श्वेत वस्त्र और महिलाओं से पीली साड़ी पहनकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# एनएसयूआई ने मनाया 56वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई का स्थापना दिवस 9 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय महाविद्यालय आरोन में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किया गाए जिसमे की महाविद्यालय में गांधी की प्रतिमा पर मालयार्पण कर एवं सभी छात्र छात्राओ को पेन वितरित किए कार्यक्रम की शुरुआत संगठन के उद्देश्यों एवं छात्र हितों के प्रति समर्पण को याद करते हुए की गई। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को संगठन की विचारधारा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान नए विद्यार्थियों का स्वागत भी किया गया तथा उन्हें पढ़ाई, अनुशासन और कॉलेज गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष रितेश रघुवंशी ने कहा कि एनएसयूआई सदैव छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी छात्र हितों की आवाज़ बुलंद करती रहेगी। इस मोके पर एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष रितेश रघुवंशी ,उपाध्यक्ष अंकित रघुवंशी ,विकास रघुवंशी ,कॉलेज अध्यक्ष पार्वती पंक्ति,प्रभारी विकुल जाटव, श्याम रघुवंशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के मार्गदर्शन में शहर में शुरू की 25वीं योग क्लास

गुना। एलआईसी ऑफिस के पीछे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के बीच वाले पार्क में पतंजलि परिवार के द्वारा 25 वीं योग कक्षा शुरू हुई। परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज जो योग को एक जन अभियान बनाकर अंतिम व्यक्ति तक योग पहुंचाना चाहते हैं उन्हीं के प्रयासों में उनके संगठन की ओर से गुना नगर में 25 भी योग कक्षा प्रारंभ की गई। इसका शुभारंभ दीप जलाकर पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी कृष्ण योगेंदर रघुवंशी संरक्षक हरि सिंह यादव (सांसद प्रतिनिधि), विश्वनाथ सिंह रघुवंशी, इंद्रजीत सिंह क्षत्रिय सर, महिला पतंजलि जिला प्रभारी सीमा शर्मा, हेमा क्षत्रिय, रजनी रघुवंशी, ने किया कृष्ण योगेंदर रघुवंशी ने प्राणायाम का अभ्यास करवाया। जिसमें सर्वप्रथम भस्त्रिका प्राणायाम कपालभाती प्राणायाम बाय प्राणायाम अनुलोम विलोम आदि प्राणायाम का अभ्यास करवाया। सीमा शर्मा बहन ने भी अपने विचार रखे। हेमा क्षत्रिय बहन जी के द्वारा आसनों का अभ्यास करवाया इसमें यह सभी उपस्थित रहे ज्योति अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, प्रीति गुप्ता, माया रघुवंशी, रंजीता सेन, अर्चना सेंगर, रचना पाराशर, सपना गुप्ता,आदि शामिल हुए।

# पुलिस अधीक्षक की तत्परता से बच गई मजदूर बेटी की जान

### अशोक नगर निवाशी मजदूर बेटी को गुना अस्पताल लेकर पहुंची पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

थाना क्षेत्र कैंट स्थित माता पुरा रह रही मजदूर महिला प्रसव पीड़ा में तड़प रही थी जिसे तत्काल मेडिकल हेल्प और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराना था लेकिन प्रसव पीड़िता का पति लगातार अनदेखी कर खुद की पत्नी को हाइ रिक्स कंडीशन में भी गंभीर लापरवाही बरत रहा था जिससे पीड़िता के माता पिता अशोक नगर से गुना कैंट क्षेत्र में पहुंचे पीड़िता के परिजन भी गुहार लगाते रहे लेकिन प्रसव पीड़िता का पति उसे अस्पताल ले जाने तैयार न हुआ इस दौरान दो दिनों तक अशोक नगर निवासी परिजन बेटी को अस्पताल में भर्ती कराने परेशान रहे।



गुना पुलिस अधीक्षक हितिका बंसल को जानकारी मिलते ही उन्होंने प्रसव पीड़ा के उक्त मामले को गंभीरता से लेकर तत्काल गुना पुलिस अति अधीक्षक मान सिंह ठाकुर को निर्देशित कर प्रसव पीड़ित महिला को अस्पताल भर्ती कराने के साथ साथ सभी जरूरी इंतजाम कराने की बात कही अति पुलिस अधीक्षक ठाकुर सहित महिला पुलिस अधिकारी के साथ मोना रजक पत्नी गजेंद्र रजक को जिला अस्पताल के प्रसव इकाई में उसे भर्ती कराया जहां पीड़िता को तत्काल बल्ड लगाने की बात पर गुना पुलिस द्वारा प्रसूता को उसके ग्रुप का ब्लड उपलब्ध कराया। विगत 7 अप्रैल को गुना पुलिस की मदद से मजदूर बेटी द्वारा शिशु को जन्म दिया था अत्यधिक लेट हो जाने के कारण नवजात शिशु की मौत होने की बात पीड़िता के पिता ने बताई है , प्रसूता मोना रजक के परिजनों ने एन वक्त गुना पुलिस द्वारा आपात स्थिति में सहयोग मिलने पर बेटी की जान बचाई जा सकी इस संवेदना भरी कार्यवाही पर पुलिस अधीक्षक सहित अति पुलिस अधीक्षक ठाकुर एवं सहयोग में जुटे स्टाफ का आभार व्यक्त किया है।

### अशोकनगर इकाई ने 9 पुरस्कार अर्जित किए

# महिला महा समिति का अधिवेशन अलंकरण समारोह उज्जैन में संपन्न

**अशोकनगर**। श्री दिगंबर जैन महासमिति महला मध्यांचल का 11वा अधिवेशन एवं अलंकरण समारोह महाकाल की नगरी उज्जैन में आयोजित किया गया। इस आयोजन में अशोकनगर इकाई ने 9 पुरस्कार अर्जित किए हैं। यह आयोजन मुख्य अतिथि कलावती यादव नगर निगम उज्जैन की अध्यक्ष एवं मणेन्द्र जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दिगंबर जैन महासमिति प्रवीण जैन महामंत्री श्री दिगंबर जैन महासमिति इंदू गांधी राष्ट्रीय महामंत्री श्री दिगंबर जैन महिला महा समिति एवं मध्यांचल संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष मंजू अजमेरा की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

यह अधिवेशन एवं अलंकरण 3 साल की गतिविधियों के आधार पर सभी संभाग एवं इकाइयों को अवार्ड प्रदान करता है। इस संदर्भ में अशोकनगर संभाग में नया आयाम स्थापित करते हुए अपनी विशेष पहचान बनाई। पूरे अधिवेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अशोकनगर ने सभी के बीच अपनी अलग छाप छोड़ी और शानदार सफलता प्राप्त की।

**प्रमुख उपलब्धियां इस प्रकार रहीं** सर्वश्रेष्ठ संभाग अशोकनगर,सर्वश्रेष्ठ मंत्री नम्रता बड़कुल,बेस्ट प्रेजेंटेशन



प्रथम स्थान,बेस्ट स्क्रैपबुक द्वितीय स्थान,बेस्ट बंधनवार टॉप 5 में स्थान,विशिष्ट अतिथि सम्मान,सर्वाधिक सदस्य सहभागिता का पुरस्कार के साथ सपना अजमेरा को मध्यांचल की सांस्कृतिक सचिव के रूप में सम्मानित किया। अधिवेशन के दौरान अशोकनगर संभाग की बहनों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक बैनर प्रेजेंटेशन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। सावित्रीबाई फुले, रानी लक्ष्मीबाई, रानी पद्मावती, माता सीता, चंदनबाला एवं मेना सुंदरी जैसे ऐतिहासिक एवं धार्मिक चरित्रों का जीवंत एवं प्रभावशाली मंचन किया गया, जिसने सभी दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। संभाग की इस सफलता का श्रेय प्रेरणास्त्रोत इंदू गांधी को दिया।



## डकैती की सनसनीखेज वारदात का इनामी डकैत गिरफ्तार

अशोकनगर। थाना शाढौरा पुलिस को डकैती की एक सनसनीखेज वारदात में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना शाढौरा अंतर्गत ग्राम खेजरा अटारी में डकैती की सनसनीखेज वारदात के 10,000 रूपये का इनामी डकैत पुलिस की गिरफ्त में लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि कि 3 नबंवर 2025 को थाना शाढौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम अटारी खेजरा निवासी महेन्द्र यादव पुत्र भगवान सिंह यादव के घर रात्रि में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घुसकर डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था। उक्त घटना के संबंध में थाना शाढौरा में अपराध क्रमांक 273/25 धारा 307, 331(4), 309(6), 310(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस घटना में कुछ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। फरार आरोपी रमेश गुर्जर पुत्र धीरज सिंह गुर्जर निवासी ग्राम बिरयाई थाना कुंभराज, जिला गुना की गिरफ्तारी हेतु संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी जिसके बाद उक्त आरोपी ग्राम अटारी खेजरा में अपने रिश्तेदार के यहां आया हुआ है, सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा उक्त डकैती की घटना में शामिल होना स्वीकार किया गया। आरोपी के कब्जे से लूटा गया माल, जिसमें चांदी के जेवरात शामिल हैं, विधिवत जब्त किए गए हैं।

# एलपीजी सिलेंडर होटलों व मैरिज गार्डन में उपयोग पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

गुरूवार को जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर शाढ़ौरा में निरीक्षण के दौरान एलपीजी गैस सिलेण्डर जो घरेलु उपभोक्ताओं के लिए हैं, उनका उपयोग व्यसायिक केन्द्रों पर होता हुआ पाए गए। जिस पर तहसीलदार तहसील शाढौरा, प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी जिला अशोकनगर द्वारा शाढौरा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान कार्यवाही की गई।

जिनमें जैन मैरिज गार्डन में 04, जम-जम होटल 01, पठान होटल 01, मंडी रोड के सामने चाय होटल 01, रघुवंशी भोजनालय 01, चैरसिया मैरिज गार्डन 01 एवं अंजली मिष्ठान भंडार 02 इस प्रकार विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कुल 11 घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों अनुमानित राशि 25100 का व्यवसायिक उपयोग करते पाये गये है। उक्त 11 घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों को जप्त कर शाढौरा गैस इंडेन शाढौरा को सुपुर्दगी में दिये गये। समस्त मैरिज गार्डन संचालकों एवं समस्त होटल संचालकों को सचेत किया गया कि व्यवसायिक परिसर में घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों का व्यवसायिक उपयोग पूर्णतः वर्जित है। उपयोग करते पाये जाने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।





### स्नेहा ठाकुर थाना प्रभारी यातायात के पद पर बनी रहेंगी, कुछ ही घंटों में आदेश बदला

अशोकनगर। जिला अशोकनगर में पुलिस विभाग यातायात थाना प्रभारी के पद पर स्नेहा ठाकुर पदस्थ चल रहीं थीं, एसपी राजीव कुमार मिश्रा द्वारा उनका स्थानांतरण महिला सुरक्षा शाखा में किया गया था और उनके स्थान पर मनीष चैहान को यातायात थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिसमें कुछ घण्टों में ही परिवर्तन किया गया है अब स्नेहा ठाकुर पहले की तरह यातायात थाना प्रभारी के पद पर पदस्थ रहेगीं।

# जन्मदिन पर नवजात बालिकाओं को 11-11 हजार की एफडीआर

**ईसागढ़**। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवेंद्र यादव ने अपने जन्मदिन को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए सराहनीय पहल की। गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईसागढ़ में जन्मी दो नवजात आदिवासी बालिकाओं को 11-11 हजार रुपए के चेक प्रदान कर उनके नाम से एफडीआर कराई।

**बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की पहल** 9 अप्रैल को जन्मी बालिका लाड़कुवरपति बिजेंद्र आदिवासी, ग्राम आकलोन एवं गीता पति अजय आदिवासी, ग्राम महुअन को यह राशि उनके भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से दी गई। एफडीआर के माध्यम से यह राशि 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर एकमुश्त उनके काम आएगी, जिससे शिक्षा या विवाह में सहयोग मिल सके। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनके



शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में सकारात्मक वातावरण देखने को मिला।

**वृद्धाश्रम में भी बांटी खुशियां** इसके पश्चात शिवेंद्र यादव वृद्धाश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने वृद्धजनों को वस्त्र एवं मिठाई भेंट की। साथ ही उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया और उनका हालचाल जाना। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष गोविंद सोनी, पार्षदगण, बीएमओ डॉ. लक्ष्मी चंद्र, डॉ. कुलदीप रघुवंशी, बीपीएम शिवकांत शर्मा सहित अस्पताल स्टाफ और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।




## जल संवर्धन अभियान तहत कलश यात्रा निकाली ग्रामीणों को जल संरक्षण का दिया संदेश

ईसागढ़। इस अभियान अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड ईसागढ़ सेक्टर क्रमांक 3 नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सौंघना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर द्वारा ग्राम ढाकोनी में स्थित शासकीय हाईस्कूल के संयुक्त तत्वावधान में छात्र छात्राओं एवं स्टाफ के सहयोग से कलश यात्रा निकाली गई।

प्राचार्य रश्मि पाराशर ने बताया कि जल बचाने के लिए ग्राम ढाकोनी के ग्रामीणों को जल शपथ दिलाई और वर्षा जल को एकत्रित करने के लिए छोटे छोटे उपाय बताए गए। जिससे लोगों में पानी बचाने की जागरूकता हो इस कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक ईसागढ़ सी एम इंटर्न कपिल रजक नवांकुर संस्था सचिव दिनेश कुमार सैन ग्राम पंचायत सरपंच रामसखी केवट उपसरपंच रामप्रकाश शर्मा सचिव नेपाल सिंह यादव रोजगार सचिव हरपाल सिंह लोधी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मनोरमा शर्मा सहायिका आशा इंद्रा शर्मा अभिषेक शर्मा मोनू देवलिया शिक्षिका मंजू जैन साधना रघुवंशी शिक्षक जितेन्द्र रघुवंशी एवं कृष्णजीत यादव सहित छात्र छात्राये सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण के कार्य निरंतर करें: कलेक्टर

**कलेक्टर ने की जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

शासन के निर्देशानुसार जिले में जल गंगा सवंर्धन अभियान का आयोजन 30 जून तक आयोजित किया जा रहा है। जल संरक्षण की दिशा में जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन और पुनर्जीवन के लिए विभिन्न गतिविधियां निरंतर संचालित की जाएं। यह निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में मनरेगा के माध्यम से संचालित जल संरक्षण एवं जल संरचना निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।



उन्होंने निर्देश दिए कि जल गंगा संवर्धन अभियान को प्राथमिकता पर लेते हुए सभी संबंधित कार्य समयबद्ध और गुणवत्ता युक्त ढंग से पूरे किए जाएं।

उन्होंने यह भी कहा कि जल संरचनाओं के निर्माण में स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाए, जिससे स्थायी जल स्त्रोत तैयार हो सकें। उन्होंने जल संरक्षण को लेकर जनभागीदारी और जागरूकता अभियान तेज करने पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि अभियान केवल सरकारी प्रयासों तक सीमित न रहकर सामुदायिक सहयोग से और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत डगवेल रिचार्ज,तालाब, अमृत सरोवर का कार्य लक्ष्य के अनुरूप किया जाए । अभियान के तहत प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जाए। तालाबों के आस पास हुए अतिक्रमण को हटाते हुए सख्त कार्यवाही की जाए।

### राष्ट्रीय पक्षी मोर की जान बचाई

पिपरई। नगर के राय मोहल्ला में राष्ट्रीय पक्षी मोर का बच्चा घायल अवस्था में गंभीर रूप से घायल होने के कारण उड़ने में असमर्थ था एवं नगर वासियों की तत्परता से उसे घायल



बच्चे की जानकारी पुलिस को दी तो मौके पर आरक्षक गजेंद्र यादव एवं रविंद्र गुर्जर ने वहां जाकर देखा, राष्ट्रीय पक्षी मोर का बच्चा घायल अवस्था में जख्मी था। उन्होंने उसको अपने साथ उठाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर डॉक्टर से उसका इलाज करवाया तो डॉक्टर ने बताया की इसको मौसम की गर्मी के हिसाब से चक्कर आ गए थे इस कारण यह है गिर पड़ा है और उड़ाने में असमर्थ था तो डॉक्टर ने इलाज कर उसकी जान बचाई। पिपरई थाना प्रभारी ओ पी मिश्रा ने इस कार्य की प्रशंसा कर आरक्षक गजेंद्र यादव एवं रविंद्र गुर्जर को प्रशंसा का पात्र बताया।

## खबर संक्षेप

### जिले में 6 आबकारी दुकानों की ई टेंडर नीलामी अब तक नहीं

**अशोकनगर।** जिले में 33 आबकारी दुकानों में से 27 दुकानों के ही ई टेंडर हो सके हैं। 16वे चरण में 6 दुकानों की ई टेंडर नीलामी होना थी। मायनस 35 प्रतिशत पर इनकी नीलामी होना थीं लेकिन 16वे चरण में भी इनकी नीलामी नहीं हो सकी है, जिले में इन 6 आबकारी दुकानों में चंदेरी-1, मुंगावली-1, प्राणपुर, राजघाट, झीला और महिदपुर की दुकानें शामिल हैं। इन दुकानों की नीलामी 1 अप्रेल से 31 मार्च 2027 तक के लिए होना थी, किन्तु दस दिन की अवधि निकलने को हो गई है लेकिन अभी तक इन 6 दुकानों की नीलामी नहीं होने से आबकारी विभाग स्वयं शराब का विक्रय कर रहा है।

### जिलें में 1131 बालिकाओं को लगा एचपीवी का टीका

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन में जिले में एच.पी.वी. (ह्यूमन पेपिलोमा वायरस) का टीका लगाया जा रहा है, कुल जिलें को प्राप्त लक्ष्य 9486 है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान जारी है अशोकनगर जिले के 13 टीकाकरण केन्द्रों पर 14 से 15 वर्ष की आयु के बीच की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एच.पी.वी. का टीका लगाया जा रहा है यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है, यह 160 से अधिक देशों में एचपीवी वैक्सीन पहले से ही लगाई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अशोकनगर डॉ.अल्का त्रिवेदी ने बताया कि जिले में अब तक कुल 4811 बालिकाओं को एच.पी.वी. का टीका लगाया जा चुका है। बुधवार को 1131 बालिकाओं को एच.पी.वी.का टीका लगाया गया। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे खतरनाक कैंसर है इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एच.पी.वी. का टीकाकरण प्रारंभ किया गया है।

### खंबों से तार चोरी

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम देवखेडी निवासी सुनील धाकड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोर राजघाट से गोरा सेहराई के बीच खंबों से तार की खींचकर ले गए। वह ठेकेदार का काम करता है और खंबों पर तार खींचकर लगाए थे। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### ट्रक ने बाईक में टक्कर मारी

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत कृष पुत्र खुशीलाल ग्वाल निवासी मुंगावली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ट्रक क्रमांक यूपी 77 एटी 6669 के चालक ने चंदेरी मुंगावली रोड पर म्यूजियम के समीप, अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी ।

## मेडिकल ऑफिसर ने छापा मारा, बड़ी मात्रा में अंग्रेजी दवाएं बरामद

# शाही दवाखाना के नाम पर उपचार कर रहे दो युवकों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर





बहादुरपुर कस्बे में बीते करीब 6 माह से प्रत्येक गुरुवार चार युवक आकर एक कैंप लगा रहे थे, जिसमें कई तरह की बीमारियों के सस्ते इलाज का दावा किया जाता था। इस कैंप पर इस गुरुवार को सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ यशवंत सिंह तोमर ने छापामार कार्रवाई की। डॉक्टर को देखकर स्वयं को डॉक्टर बताने वाले युवक भागने लगे, जिन्हें मौके पर आई पुलिस ने पकड़ लिया। हालांकि गुरुवार को कैंप में आए तीन युवकों में से एक युवक मौके से फरार हो गया, शेष दो पर पुलिस ने धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मौके से बड़ी संख्या में एलोपैथिक दवाएं, भभूत की पुड़िया और पर्चे व कुछ राशि भी जब्त की गई है।

### दूर दूर से आते थे मरीज, सड़क पर किया प्रदर्शन

इस साप्ताहिक कैंप में कमर दर्द, गर्दन दर्द, नसों का दर्द, स्लिप डिस्क, जोड़ों का दर्द, दाद खाज खुजली, जोड़ों में जकड़न, सांस की बीमारी सहित कई अन्य बीमारियों के इलाज का दावा किया जाता था। जिसके लिए 200 से 500 रुपए वसूल किए जाते थे। इस कैंप में विदिशा, सागर, गुना, ललितपुर, झांसी जिलों के अलावा अशोकनगर जिले के गांवों से सैकड़ों लोग आते थे और मजमा लगा रहता था। गुरुवार को जब छापामार कार्रवाई हुई तो बड़ी संख्या में दूर दूर से आए मरीजों ने हंगामा कर दिया। मरीजों का दावा था कि उन्हें सस्ता इलाज मिल रहा है और बीमारियां दूर हो रही हैं तो प्रशासन को एतराज क्यों है। विरोध स्वरूप कई महिलाएं सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगीं, जिससे कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। हालांकि पुलिस ने जल्द ही उन्हें सड़क से उठा दिया।

### दो युवकों पर एफआईआर, सरगना सहित दो फरार

पुलिस ने मेडिकल ऑफिसर की शिकायत पर मोहम्मद सलमान और मोहम्मद नदीम निवासी मुरादाबाद उत्तर प्रदेश पर धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। हालांकि जिसे सब लोग डॉक्टर कहते थे वह, और दवाएं बांटने वाला एक युवक के नाम इस प्रकरण में नहीं हैं। पुलिस के अनुसार अन्य आरोपियों के नाम विवेचना में सामने आने पर बढ़ाए जा सकते हैं।

### पर्चा डॉ तोमर के नाम का, युवक सभी मुस्लिम



खास बात है कि इस कैंप में किसी शाही दवाखाना के नाम से डॉ यूपीएस तोमर का नाम लिखा हुआ है। कोई पता भी नहीं लिखा है। दवाखाने पर मौजूद सभी युवक मुस्लिम थे, जिनके पास अपनी पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। इसके अलावा किसी प्रकार की कोई डिग्री और कोई पंजीयन भी नहीं पाया गया। युवकों के मोबाइल में भी पहचान का कोई दस्तावेज नहीं था, इसके बाद उन्होंने पुलिस के समक्ष किसी को फोन कर आधार कार्ड व्हाट्सएप पर मंगाए। जिनमें लिखे नामों के आधार पर पुलिस ने प्रकरण में कायमी की है। इन आधार कार्डों का सत्यापन भी नहीं कराया गया।

### भभूत का कमाल, सैंपल लिया अब होगी जांच

इस कैंप में एलोपैथिक दवाओं के साथ भभूत की पुड़िया दी जाती थीं। मरीजों के अनुसार इसी भभूत से उनके दुख दर्द दूर हो रहे थे। वहीं दबी जुबान में कुछ मरीजों ने बताया कि भभूत खाने के बाद हल्का नशा सा आता था। बहरहाल, इस भभूत को जब्त कर इसका सैंपल लिया जाकर जांच के लिए भेजा गया है। जिससे इसमें मिलाई जाने वाली सामग्री का पता चल सके।

### जांच हो रही है

इस तरह के किसी भी नीम हकीम से इलाज नहीं कराना चाहिए। अगर कहीं भी इस तरह के कैंप लगें तो तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचित करना चाहिए। हम ने बड़ी संख्या में दवाएं जब्त की हैं, इनके सैंपल लिए जाकर जांच कराई जा रही है।

**डॉ अलका त्रिवेदी,** सीएचएमओ जिला अस्पताल अशोकनगर

## बहादरपुर इंडियन गैस एजेंसी पर गंभीर आरोप, लोगों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर

पिपरई तहसील के बहादरपुर क्षेत्र में संचालित इंडियन गैस एजेंसी के खिलाफ स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। नागरिकों ने एजेंसी पर काला बाज़ारी, अनियमित वितरण और मनमानी करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके चलते लोगों ने एक शिकायती आवेदन तहसीलदार को दिया।

**हजारों हितग्राही लाभ से वंचित:** कई गरीब परिवारों के घरों में चूल्हे तक नहीं जल पा रहे हैं। हितग्राहियों का कहना है कि जो परिवार पिछले 5-6 वर्षों से नियमित रूप से गैस सिलेंडर प्राप्त कर रहे थे, उन्हें अब अचानक अवैध या अमान्य बताकर सिलेण्डर देने से मना किया जा रहा है। इससे लोगों के सामने रोज़मर्रा के जीवन की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। उज्ज्वला योजना को लेकर भी बड़े स्तर पर धांधली के आरोप सामने आए हैं। लाभार्थियों का कहना है कि उन्हें न तो योजना का लाभ नहीं मिला, कुछ को कनेक्शन ही नहीं मिले। इस विषय में एजेंसी बाले हितग्राहियों से कह दिया जाता है कि आप को गैस कनेक्शन मिल चुका है। सबसे गंभीर आरोप एजेंसी मालिक और कर्मचारियों पर लगाए गए हैं। आरोप है कि कर्मचारी उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर की जगह अपना नंबर दर्ज कर ओटीपी प्राप्त करते हैं और गैस सिलेंडरों की कालाबाज़ारी कर रहे हैं, जिससे पात्र उपभोक्ता गैस से वंचित रह जाते हैं। दिलीप धाकड़ केशोपुर ने बताया कि मैं लगातार 20 दिनों से ऑनलाइन बुकिंग कर रहा हूं पहले तो मुझे आठ रोज का मैसेज आता रहा फिर मुझे चार रोज का मैसेज आने लगा लेकिन 20 रोज से मेरी बुकिंग नहीं हो पाई है। इस विषय में जब मैंने एजेंसी वालों से बात की तो उन्होंने मुझे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

### कुशवाह समाज संगठन एवं महिला समिति की बैठक आयोजित की गई

**अशोकनगर।** गुरूवार को कुशवाह समाज संगठन समिति, महिला संगठन और श्री लव-कुश युवा संगठन की सम्मिलित बैठक जिलाध्यक्ष राजेन्द्र बलवीर सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में लव-कुश मंदिर पर सम्पन्न हुई। जिसमें महात्मा ज्योतिबा फुले जन्म जयंती मनाने पर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। आगामी 11 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से लवकुश मंदिर पर महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम से मनायी जायेगी। जिसमें अशोकनगर जिला एवं आसपास से भी कुशवाह समाज बंधु को इस भव्य जयंती समारोह में शामिल के लिये आग्रह सहित आमंत्रित किया गया है।

## टास्क फोर्स का गठन, महाविद्यालय में बैठक की गई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर

सुप्रीम कोर्ट एवं शासन के निर्देशानुसार अशोकनगर में जिला स्तर पर डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स (डिस्ट्रिक्ट लेवल मॉनिटरिंग सेल) का गठन किया गया है। जिसे लेकर एक समिति की बैठक अशोकनगर महाविद्यालय में आयोजित की गई।

विद्यार्थियों में आत्महत्या रोकथाम एवं मानसिक स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जिलाधीश की अध्यक्षता में गठित इस समिति की सदस्य सचिव प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (लीड कॉलेज) अशोकनगर की प्राचार्य डॉ रेनू राजेश ने बताया कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों अनुसार समिति में जिलाधीश द्वारा जिले के विभिन्न विभागों से सदस्य मनोनीत किये गए हैं। समिति की एक बैठक वुधवार को अग्रणी महाविद्यालय में आयोजित की गयी। जिसमें एसडीओपी विवेक शर्मा, प्राचार्य आईटीआई नीरज घनघोरिया, डॉ रजनी छारी जिला अस्पताल, राजकुमार रघुवंशी स्कूल शिक्षा विभाग, राजेंद्र प्रजापति सामाजिक न्याय विभाग, डॉ प्रदीप सुराना, जीतेन्द्र ओझा, अनुज रघुवंशी एवं छात्र अमित जोशी, उमेश केवट, रिमझिम मौर्य उपस्थित रहे। बैठक में डीटीएफ के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा की गयी और सभी ने अपने-अपने सुझाव रखे। समिति की आगे की कार्य योजना बना कर चरणबद्ध तरीके से कार्य किये जाने पर जोर दिया गया। कार्य योजना में जिले के सभी शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों, स्कूल शिक्षा विभाग की संस्थायें, कोचिंग सेंटर्स को शामिल किया जायेगा।



### बैठक में निम्न बिन्दुओं पर निर्णय लिया गया

- शासन से अध्यादेश जारी होने के उपरांत सभी कोचिंग संस्थाओं का पंजीकरण किया जायेगा।
- विद्यार्थियों से सम्बंधित हेल्पलाइन नंबर एवं शासन द्वारा जारी पोस्टर का डिस्प्ले सभी शैक्षणिक संस्थाओं में किये जाने का निर्णय लिया गया।
- विद्यार्थियों की काउंसलिंग के साथ साथ उनके पालकों की काउंसलिंग किये जाने का सुझाव भी सभी के अनुभवों के आधार पर लिया गया। जिससे विद्यार्थी और माता पिता के बीच कम्युनिकेशन गैप न रहे और विद्यार्थी अपनी रूचि अनुसार अपने करियर का चुनाव कर सकें।
- शिक्षण संस्थाओं में स्टूडेंट एम्बेसेडर बनाये जायेंगे, काउंसलर के साथ विद्यार्थियों के सेशन कराये जायेंगे जिससे विद्यार्थी अपनी समस्याओं को समय रहते साझा कर सकें, उनका मनोबल बढे और आत्महत्या जैसी सोच उनके दिमाग में न आये।
- शिक्षण संस्थाओं में शिकायत पेटी लगायी जायेंगी और शिकायत निवारण समिति गठित की जायेंगी।

### टी आकार की पुलिया देख चकराए कलेक्टर और विधायक, गोबर-मिट्टी से बना रहे थे सड़क के शोल्डर

## एनएच 346 के निर्माण में बड़ी धांधली आई सामने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर



नेशनल हाईवे एनएच-346 के निर्माण में भ्रष्टाचार और लापरवाही का एक ऐसा नमूना सामने आया है जिसे देखकर जिले के आला अधिकारी भी दंग रह गए। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सख्त निर्देशों के बाद, शनिवार को कलेक्टर साकेत मालवीय और मुंगावली विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव ने जब हाईवे का औचक निरीक्षण किया, तो वहां इंजीनियरिंग के नाम पर मजाक होता मिला।

**निरीक्षण की मुख्य बातें**

निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि ठेकेदार के कर्मचारी सड़क के शोल्डर (किनारे) बनाने में गिट्टी-कंक्रीट के बजाय गोबर और मिट्टी का इस्तेमाल कर रहे थे। विधायक और कलेक्टर ने इसे रंगे हाथों पकड़ा और तुरंत काम रुकवाकर कड़ी नाराजगी जाहिर की। बम्मन खिरिया के पास एक ऐसी पुलिया मिली जो टी आकार में बनाई गई है। इस अजीबोगरीब डिजाइन को देखकर कलेक्टर और विधायक भी चैंक गए। जब नेशनल हाईवे के अधिकारियों से इस तकनीकी चमत्कार के बारे में पूछा गया, तो उनके पास कोई जवाब नहीं था। ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि इस दोषपूर्ण पुलिया के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती, जिससे गांव में बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं।

### एनएच 346 के अधिकारियों ने गल्ती स्वीकार की

मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर साकेत मालवीय ने कड़ा रुख अपनाया है। एनएच 346 के अधिकारियों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया है कि उक्त पुलिया को अब री-डिजाइन किया जाएगा और टूटे हुए स्लैब व घटिया शोल्डर को दुरुस्त किया जाएगा।

### इंजीनियरिंग और मॉनिटरिंग की खुली पोल

ब्रजेन्द्र सिंह यादव विधायक ने कहा कि निरीक्षण के दौरान घटिया निर्माण की पूरी हकीकत सामने आ गई हाईवे के किनारे बनी नालियों की स्लैब पहले ही टूट चुकी हैं। निर्माण कार्य में मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई हैं। एनएच के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर निर्माण की मॉनिटरिंग करने में पूरी तरह विफल साबित हुए। यह इंजीनियरिंग का कैसा नमूना है? ऐसी पुलिया और गोबर से शोल्डर बनाना जनता के पैसे का दुरुपयोग और उनकी सुरक्षा से खिलवाड़ है।

### अमन रघुवंशी का कार्यालय अधीक्षक के पद पर हुआ चयन



**अशोकनगर।** शहर के युवा अमन रघुवंशी पिता रामकृष्ण रघुवंशी शिक्षक रुहाना का कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के द्वारा कार्यालय अधीक्षक के पद पर चयन हुआ है। अमन तीन वर्षो से इंदौर में रहकर तैयारी कर रहे थे, जहां उनके प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है। इस सफलता पर अमन ने इसका श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता-पिता को दिया। अमन की इस उपलब्धि पर परिवारजनों एवं मित्रों द्वारा शुभकामनाओं के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## खरीदी केन्द्रों की शुरूआत नहीं, किसान मंडियों में माल बेचने को हुए मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर




कांग्रेस ने गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा, जिसमें कांग्रेस कहा कि मध्यप्रदेश का किसान कर्ज में डूबा हुआ है, कर्ज की किस्त भरने की तारीख निकल गई है, लेकिन सरकार की लापरवाही के चलते अब तक खरीदी केन्द्रों की शुरूआत नहीं होने के कारण किसानों को अपना गेहूं मण्डियों में बेचना पड़ रहा है। इस दौरान कांग्रेस जनों ने जिला अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा, जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस जन भी शामिल थे।

### ज्ञापन के बिन्दु

01. प्रदेश की सत्तारुढ़ भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण आज अन्नदाता किसान काफी परेशानियों से जूझ रहा है। किसानों की गेहूं की उपार्जन की तारीखे बार-बार बढाई जा रही है पहले 23 मार्च फिर 1 अप्रैल, 10 अप्रैल, 15 अप्रैल की गई है जिससे किसानों में भारी आकोश निर्मित हो गया है। प्रदेश में किसानों को गेहूं उपार्जन का इंतजार खत्म हाने का नाम ही नहीं ले रहा है।

02. प्रदेश सरकार ने सहकारी संस्थाओं से किसानों का ऋण वसूलने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की थी सरकार के कुप्रबंधन के कारण लगभग 50 प्रतिशत किसान डिफाल्टर हो गए है तथा किसानों को कृषि उप मंडी मे अपनी उपज 2000 से 2200 रुपये के ओने पौने दामों में मजबूरी में बेंचने को विवश होना पड़ रहा है, जबकि पड़ौसी राज्य राजस्थान में 16 मार्च से गेहूं उपार्जन किया जा रहा है।

03. किसान विरोधी भाजपा की सरकार में किसानों की महीनों की मेहनत खेत-खलिहानों में खुले आसमान के नीचे पड़ी है, लेकिन सरकार गेहूं उपार्जन की सिर्फ तारीख पर तारीख दे रही है। यह अत्यंत दुर्भाग्य की बात है कि सरकार गेहूं उपार्जन की तारीख आगे बढ़ाने के पीछे गेहूं की खाली बोरियां उपलब्ध न होने की वजह बता रही है।

## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में शपथ विधि समारोह का आयोजन किया गया




**अशोकनगर।** पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में शपथ विधि समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य वीके गुप्ता ने उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शपथ का अर्थ है अपने सही पथ पर चलना, हम अपने पथ से न भटके और अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्बहन करे, इसलिए आपको शपथ दिलाई जा रही है। हम स्वतंत्र हो परन्तु स्वछन्द न हो अनुशासन पूर्ण जीवन जिए हमारी अंतर्चेतना में ही स्वतंत्रता निहित है।

छात्र संघ प्रभारी मोनेश जैन ने बताया कि हमे अपना लक्ष्य ऊंचा रखना चाहिए, इस दौरान उन्होंने संस्था में छात्र परिषद् के चयन की प्रक्रिया एवं विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम की शुरुआत सर्व प्रथम सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। बाद में महाविद्यालय की छात्राओं सौम्या खटीक, वर्षा प्रजापति एवं साक्षी शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। स्वागत गीत सौम्या खटीक, वर्षा प्रजापति, साक्षी शर्मा एवं काजल गुर्जर द्वारा प्रस्तुत किया गया। डॉ. बी.के. गुप्ता द्वारा अध्यक्ष पद पर दिवम शर्मा, उपाध्यक्ष पद पर दिव्यांश साहू, सचिव पद पर ख़ुशी रघुवंशी, संस्था के सिविल ब्रांच के विभागाध्यक्ष एम.के. नेमा द्वारा सांस्कृतिक सचिव के पद पर निखिल ओझा, संस्था के टी.पी.ओ. मनीष वैद्य द्वारा साहित्यिक सचिव के पद पर प्रदीप ओझा एवं संस्था के क्रीडा प्रभारी अनिल धकाते द्वारा क्रीडा सचिव के पद पर अभय रजक एवं संयुक्त सचिव पद पर नितिन पाल को शपथ दिलाई गई। कक्षा प्रतिनिधियों के रूप में संस्था के व्याख्याता सीताराम चैहान, भरत सिंह यादव एवं कृष्णकान्त अहिरवार द्वारा अनुराग शर्मा, हिमांशु ओझा, अंशुल लोधी, स्वानी, समर्थ पलिया, सुमित अहिरवार, आदर्श कुमार झा, अनुज ओझा, नितेश विश्वकर्मा, शौर्य प्रताप सिंह परमार, कार्तिक पंथ एवं अंतरा जैन द्वारा शपथ ली गई।

### श्वेतांबर जैन श्री संघ ने की विश्व शांति की कामना

## विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर वासुपूज्य मंदिर में गूंजा णमोकार मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर



जैन धर्म के सर्वोच्च और शाश्वत नवकार (णमोकार) महामंत्र की गूंज गुरुवार को शहर के श्री वासुपूज्य मंदिर जी में सुनाई दी। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के आह्वान पर मनाए जा रहे विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर अशोकनगर श्वेतांबर जैन संघ ने सामूहिक जाप का भव्य आयोजन किया। इस वैश्विक महायज्ञ में समाजजनों ने बढ़-चढ़कर अपनी पुनीत आहुति दी और संपूर्ण विश्व में शांति, मानवता और सद्भाव की मंगल कामना की।

इस वर्ष विश्व नवकार महामंत्र दिवस की ग्लोबल थीम एक विश्व, एक मंत्र, शांति के लिए एक साथ रखी गई है। इसी वैश्विक आह्वान से कदम मिलाते हुए अशोकनगर श्वेतांबर जैन श्री संघ के सभी श्रावक-श्राविकाओं ने एकजुट होकर इस आयोजन को ऐतिहासिक और सफल बनाया। समाजजनों ने एक साथ जुड़कर इस वैश्विक आयोजन के मुख्य उद्देश्य को पूरी तरह से सार्थक किया। तय कार्यक्रम के अनुसार, गुरुवार सुबह 8 बजे से 9:30 बजे तक श्री वासुपूज्य मंदिर के उपाश्रय में इस सामूहिक जाप का अनुष्ठान किया गया। करीब डेढ़ घंटे तक चले इस कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु ने पूर्ण भक्तिभाव के साथ एक ही लय और एक ही स्वर में नवकार मंत्र का स्मरण किया। मंत्रों के इस सामूहिक और निर्बाध उच्चारण से न केवल मंदिर परिसर, बल्कि आसपास का पूरा वातावरण सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत हो गया।

### जैन मिलन ने नवकार महामंत्र का जाप किया

विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर अशोकनगर जैन मिलन की सभी शाखों ने मिलकर श्री दिगम्बर जैन मंदिर शांतिनाथ त्रिकाल चैवीसी में नवकार महामंत्र का जाप किया गया। जिसमें राष्ट्रीय मंत्री वीर नरेश चंद्र जैन एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर सुभाष जी केंची जैन मिलन अध्यक्ष वीर पवन करैया द्वारा संचालित जैन मिलन ,पाश्र्व जैन मिलन, सेंट्रल जैन मिलन, अशोक नगर के सभी वीर साथियों ने भाग लिया।

## कुरावर में केबलीकरण कार्य के बीच बड़ा हादसा टला

# नप कर्मी को लगा करंट, विद्युत विभाग पर आरोप, बिना सूचना काटे कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर में चल रहे केबलीकरण कार्य के दौरान लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे वार्ड क्रमांक 14, नगर परिषद कार्यालय के पीछे स्टेट लैंप लगाने पहुंचे नगर परिषद के विद्युत कर्मचारी नवीन वर्मा (35) अचानक करंट की चपेट में आ गए। हालांकि मौके पर मौजूद सहकर्मी अशोक मीणा की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया और कर्मचारी को गंभीर चोट नहीं आई।

घटना के तुरंत बाद घायल कर्मचारी को गवली प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे खतरे से बाहर बताया गया। सूचना मिलते ही विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बना और मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सैन मौके पर पहुंचे और घायल का हालचाल जाना। बताया जा रहा है कि पिछले एक माह से विद्युत विभाग द्वारा नगर में केबलीकरण कार्य किया जा रहा है, लेकिन नगर परिषद को इसकी कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। आरोप है कि इस दौरान स्ट्रीट लाइट के कनेक्शन काट दिए गए और कई स्थानों पर दोबारा जोड़े भी नहीं गए, जिससे रात में अंधेरा बना रहता है। इतना ही नहीं, इस अवधि में नगर परिषद के करीब 18 लैंप भी गायब होने की बात सामने आई है। नगर परिषद ने बिना अनुमति कार्य किए जाने को लेकर पुलिस थाना और संबंधित विभाग को लिखित शिकायत भी दी है। अधिकारियों के अनुसार, मध्य प्रदेश शासन के नियमों के तहत किसी भी विद्युत कार्य से पहले स्थानीय निकाय को सूचना देना अनिवार्य होता है, ताकि समन्वय और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



### नियमों की अनदेखी पड़ी भारी

नियमों के मुताबिक विद्युत विभाग को पूर्व सूचना देकर ही कार्य करना चाहिए, ताकि स्ट्रीट लाइट व्यवस्था प्रभावित न हो और सुरक्षा उपाय किए जा सकें। लेकिन इस मामले में लापरवाही के चलते न केवल नगर की रोशनी व्यवस्था बाधित हुई, बल्कि एक कर्मचारी हादसे का शिकार भी हो गया।

### अधिकारियों का कहना

मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सैन ने कहा कि विद्युत विभाग ने केबलीकरण कार्य की कोई जानकारी नहीं दी। ह्लउन्होंने हमारे लैंप के कनेक्शन हटा दिए और कई लैंप गायब हो गए। इसकी शिकायत हमने पुलिस में की है। आज हमारा कर्मचारी कनेक्शन जोड़ने गया था, जहां वह करंट की चपेट में आ गया।

वहीं विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता सत्येंद्र सिंह का कहना है कि यदि नगर परिषद द्वारा पहले सूचना दी जाती, तो विभाग बिजली बंद कर लाइनमैन उपलब्ध कराता। ह्लसमन्वय के अभाव में यह घटना हुई है। इस घटना के बाद नगर में विभागीय समन्वय, सुरक्षा व्यवस्था और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## भूजल के स्तर को मिलेगी बढ़त, आमजन को होगी राहत

# पीलूखेड़ी में लाखों की लागत के चेक डैम का विधायक ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर




ग्राम पीलूखेड़ी में गुरुवार सुबह 11 बजे ग्रामीण विकास और जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। हिन्दुस्तान कोको कोला प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ग्राम गिलाखेड़ी के किसानों के हित में लाखों रुपए की लागत से चेक डैम का निर्माण कराया गया, जिसका विधिवत लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ इच्छीत गढ़पाले द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि कोका-कोला कंपनी की यह पहल क्षेत्र के किसानों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि चेक डैम के निर्माण से वर्षा जल का संचयन संभव होगा, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि होगी और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा।

जिला पंचायत सीईओ इच्छीत गढ़पाले ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि निजी क्षेत्र की ऐसी भागीदारी ग्रामीण विकास के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के इस प्रयास का सकारात्मक प्रभाव आसपास के क्षेत्रों में भी देखने को मिलेगा।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए इस परियोजना को किसानों के हित में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर महामंत्री लखन राजपूत, जिला सलाहकार समिति सदस्य दिनेश मीणा, जनपद सदस्य कमला प्रसाद शर्मा, सरपंच ज्ञान सिंह, भोला सिंह राणावत, गोविंद मीणा, गजराज सिंह राजपूत, राजेश सक्सेना सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने चेक डैम निर्माण के लिए कंपनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे खेती-किसानी को नया संबल मिलेगा और जल संकट से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।

## मंत्रालय ने 31 मार्च से बंद कर दी थी सुविधा

# संसद के प्रयास लाए रंग, डाकघर में फिर शुरू हुआ रेलवे आरक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय स्थित मुख्य डाकघर में 31 मार्च से बंद की गई रेलवे रिजर्वेशन सुविधा को मंत्रालय ने फिर से बहाल कर दिया है। दरअसल, रेलवे का मानना था कि पोस्ट ऑफिस से कम संख्या में टिकट आरक्षित हो रहे हैं। ऐसे में आरक्षण की सुविधा बंद कर दी गई थी। आरक्षण सुविधा बंद होने से रेल यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। यात्रियों को या तो उन्हें चुनिंदा ऑनलाइन सेंटर जाकर टिकट बुक करवाना पड़ रहे थे या मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर ब्यावर जाना पड़ रहा था। रेल यात्रियों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर ने रेल मंत्रालय को पत्र लिखते हुए आरक्षण सुविधा को यथावत चालू करने का आग्रह किया था। सांसद नगर के पत्र पर संज्ञान लेते हुए मंत्रालय के अधिकारियों ने सितंबर 2026 तक राजगढ़ मुख्यालय के हेड पोस्ट ऑफिस में टिकट आरक्षण सुविधा अनवरत चालू रखने का निर्णय लिया है। रेलवे के इस निर्णय से आम जनों एवं रेल यात्रियों में खुशी का माहौल है।

# भोपाल कमिश्नर के आदेश की खुलेआम अवहेलना!

## 8 माह बाद भी गीता बाई को नहीं मिला हक, जिला प्रशासन सवालों के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

कुरावर नगर के वार्ड क्रमांक 4 से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां उच्च प्रशासनिक आदेशों को भी स्थानीय स्तर पर दरकिनार किया जा रहा है। पीड़ित गीता बाई, पति स्व. कैलाश नारायण परिहार, पिछले दो दशकों से अपनी ही जमीन के लिए संघर्ष कर रही हैं, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता और कथित राजनीतिक दबाव के चलते आज तक उन्हें न्याय नहीं मिल पाया।

### क्या है पूरा मामला

वर्ष 2002 में तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के कार्यकाल में गीता बाई को विधिवत पट्टा आवंटित किया गया था। इसके बाद उन्होंने सीमांकन और तर्मिम की प्रक्रिया पूरी कर नायब तहसीलदार टप्पा कुरावर और नरसिंहगढ़ एसडीएम न्यायालय में अपना पक्ष मजबूत करते हुए केस भी जीता। इसके बावजूद जमीन का वास्तविक कब्जा आज तक नहीं दिया गया, जो सीधे-सीधे प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल खड़े करता है।

### कमिश्नर का आदेश भी बेअसर

जनवरी 2025 में भोपाल संभाग के अपर आयुक्त द्वारा स्पष्ट आदेश जारी कर गीता बाई को जमीन का कब्जा दिलाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि 8-9 महीने बीत जाने के बाद भी जिला कलेक्टर स्तर पर इस आदेश को लागू नहीं किया गया। क्या यह सिर्फ लापरवाही है या फिर जानबूझकर आदेशों को ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है?

### राजनीतिक दबाव या प्रशासनिक मिलीभगत

स्थानीय स्तर पर आरोप हैं कि कुछ प्रभावशाली लोगों एवं संस्थानों द्वारा उक्त जमीन पर कब्जा बनाए रखने की कोशिश की जा रही है। सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन राजनीतिक दबाव में काम कर रहा है? या फिर जानबूझकर एक गरीब महिला को उसके हक से वंचित किया जा रहा है?

### दर-दर भटकने को मजबूर पीड़ित परिवार

गीता बाई और उनके पुत्र लगातार तहसील, एसडीएम कार्यालय और अन्य शासकीय दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं फिर भी हर बार सिर्फ आश्वासन मिलता है, कार्रवाई नहीं।

### गंभीर सवाल खड़े करता मामला

जब कमिश्नर स्तर से आदेश हो चुका है, तो पालन क्यों नहीं? क्या जिला प्रशासन खुद को कानून से ऊपर मान रहा है? आखिर कब तक एक गरीब महिला को न्याय के लिए भटकना पड़ेगा? यह मामला सिर्फ एक जमीन विवाद नहीं, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही और न्याय व्यवस्था की परीक्षा बन चुका है। अगर उच्च अधिकारियों के आदेश भी जमीन पर लागू नहीं हो रहे, तो आम नागरिक आखिर किस पर भरोसा करे? क्या गीता बाई को उनका हक मिलेगा या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा?

मेरी जमीन का कब्जा मुझे कुरावर के कुछ नेताओं द्वारा नहीं दिया जा रहा है और सरस्वती शिशु मंदिर के कर्मचारियों द्वारा भी मुझमें पीड़िता को परेशान किया जा रहा है वही इस पूरे मामले में पीड़िता का कहना है कि मुझ बेवा को जमीन का कब्जा नहीं दिया जा रहा है जिला कलेक्टर राजनीतिक दबाव के कारण मुझ गरीब को परेशान कर रहे हे, शीघ्र ही जमीन का कब्जा मुझे नहीं मिला तो एक सप्ताह में तो प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष आत्मघाती कदम उठाने पर मजबूर होंगी।

# नवकार दिवस पर सामूहिक नवकार महामंत्र जाप का आयोजन



**सारंगपुर।** विश्व शांति एवं सद्भावना के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नवकार दिवस के अवसर पर गुरुवार को प्रातः 8:30 बजे श्री महावीर भवन में सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र जाप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर श्रद्धा भाव से नवकार महामंत्र का जाप किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। इस आध्यात्मिक आयोजन में समाजजनों ने एक स्वर में मंत्रोच्चार कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जाप में अशोक जैन, अरविंद चौधरी, विनोद लोढ़ा, सुबोध श्रीमाल, दिनेश लोढ़ा, अभय जैन, श्याम जैन, अरुण जैन, अखिलेश जैन, मनोज लोढ़ा सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं महिला वर्ग से कांता बाई, तारा बहन चौधरी, विजया लोढ़ा, अनिता जैन एवं संगीता चौधरी ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की प्रभावना दिनेश लोढ़ा एवं राजेश जैन परिवार की ओर से की गई। आयोजन के अंत में सभी ने विश्व में शांति, भाईचारे एवं सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार की कामना की। इस प्रकार नवकार दिवस का यह आयोजन धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# समस्याओं को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

## किसानों से जुड़ी समस्याओं को दी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



किसने की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस के नेतृत्व में गुरुवार दोपहर मुख्यालय पर धरना देते हुए तीखा विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रियवत सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय में एकत्रित होकर धरने में शामिल हुए धरने को संबोधित करते हुए वरिष्ठ इंकाइयों ने कहा कि वर्तमान मध्य प्रदेश सरकार को किसानों की जरा भी चिंता नहीं है। फसल खरीदी नहीं हो पा रही है। स्लॉट बुक है लेकिन किसान अपनी उपज नहीं बेच पा रहा है।

किसानों को संबोधित करते हुए कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा खरीदी ना की जाने से किसानों को अपनी उपज खुले बाजार में बेहद कम दाम पर बेचना पड़ रहा है इससे छोटे किसानों की कमर टूट रही है। इन दोनों मौसम में बदलाव के कारण यदा कदा हो रही बारिश से कल्यानो में राखी किसने की फसल जहां बर्बाद हो रही है वहीं चारा, सूकला पूरी तरह से नष्ट हो चुका है। राज्यपाल के नाम सौंप गए ज्ञापन में मांग रखी गई की समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी करते हुए जल्द से जल्द खरीदी शुरू करवाई जाए।

### बिजली बिल तोड़ रहे किसानों की कमर

ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि इन दिनों बिजली विभाग द्वारा भारी भरकम बिजली के बिल थोपे जा रहे हैं पहले से ही प्राकृतिक मार्ग झेल रहे किसान बिल नहीं भर पा रहा है। जिले के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में वेद भाषा विद्युत कटी हुई थी का मसला भी ज्ञापन के जरिए उठाया गया।

# जानलेवा हमले के बाद पुलिस कार्रवाई से भड़का माली समाज, दी चेतावनी

**सारंगपुर।** नगर के बाग कुआं टंकी क्षेत्र में 25 वर्षीय युवक पर हुए जानलेवा हमले ने अब तूल पकड़ लिया है। गंभीर रूप से घायल विमल पुष्पद जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। वहीं पुलिस द्वारा आरोपियों पर हल्की धाराओं में मामला दर्ज करने से फूलमाली समाज में भारी आक्रोश है। नाराज समाजजनो ने तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार गोपाल सिंह चौहान को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग कर चुके हैं।

### क्या है पूरा मामला?

घटना 6 अप्रैल की रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। विमल पिता कैलाशनारायण पुष्पद पर पिता-पुत्र और उनके साथियों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमलावरों ने उसके पेट, सिर और नाक पर गंभीर वार किए। हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है।ज्ञापन में समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। माली समाज के जिलाध्यक्ष संतोष पुष्पद का कहना है कि यह स्पष्ट रूप से प्राणघातक हमला है, इसके बावजूद पुलिस ने मामूली धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों को जमानत पर छोड़ दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार को धमका रहे हैं। वही माली समाज ने घटना को लेकर 7 दिन का अल्टीमेटम दिया नहीं तो होगा आंदोलन समाज के लोगों ने नायब तहसीलदार गोपाल सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन पर धारा 307 (हत्या का प्रयास) जैसी गंभीर धाराएं नहीं लगाई गईं, तो माली समाज उग्र आंदोलन करेगा और थाने का घेराव किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष संतोष पुष्पद के नेतृत्व में पार्षद राकेश पुष्पद, अमित सुहानी, धनसिंह पुष्पद, विनोद पुष्पद, अशोक पुष्पद, दौलतराम पुष्पद सहित बड़ी संख्या में



### इनका कहना हैं

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुनः जांच की जाएगी और साक्ष्यों के आधार पर उचित एवं सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**अरविंद्र सिंह** एसडीओपी सारंगपुर।

# कार्यवाही : जनपद नरसिंहगढ़ के कई कर्मचारियों का वेतन काटा, कुछ अटैच

## समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ के निर्देश

**राजगढ़:** जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में गुरुवार दोपहर ग्राम पंचायत स्तरीय योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा बैठक ली गई। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने कार्यों में प्रगति न पाए जाने और अनुशासनहीनता बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**'एक बगिया मां के नाम' अभियान:** के तहत ग्राम पंचायत टिकरिया में योजना का एक भी कार्य प्रारंभ न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सीईओ ने बी.पी.एम. एसआरएलएम, संबंधित उपयंत्री और कृषि सखी का 03-03 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं, ग्राम पंचायत कांकरियामीना के ग्राम रोजगार सहायक को बैठक में अनुपस्थित रहने पर तत्काल प्रभाव से जनपद मुख्यालय अटैच करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मनरेगा एवं तकनीकी अमला जनपद की कुल प्रगति संतोषजनक न होने के कारण मनरेगा ए.पी.ओ और दो सहायक यंत्रियों का 03-03 दिन का वेतन काटने तथा ए.पी.ओ. का वेतन आगामी प्रगति



आने तक रोकने के निर्देश दिए गए।

**जल गंगा संवर्धन अभियान:** ग्राम पंचायत लसुडल्यापाता में स्वीकृत 09 कार्यों में से एक भी कार्य पूर्ण न होने पर संबंधित ग्राम रोजगार सहायक को जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ अटैच किया गया। साथ ही उत्तरदायी उपयंत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने पर ग्राम पंचायत बुचाखेड़ी के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक का 03-03 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।

## बेखौफ चल रही पोकलेन मशीनें, राजस्व को करोड़ों की चपत

# पार्वती की छाती छलनी करने में लगा रेत माफिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सेमला पार सेकनपुर क्षेत्र में एक बार फिर रेत माफिया का आतंक शुरू हो गया है। प्रशासन की सुस्ती का फायदा उठाकर माफिया पार्वती नदी का सीना छलनी कर रहे हैं। सेमला पार और सेंकनपुर में पिछले एक हफ्ते से लगातार अवैध उत्खनन जारी है, जिससे न केवल पर्यावरण को क्षति पहुँच रही है, बल्कि शासन को भी भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है।





### प्रशासनिक अनदेखी से बढ़े हौसले

सेमला पार और सेंकनपुर घाटों पर हो रहे इस अवैध कारोबार ने जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है। पिछले एक सप्ताह से दिन-रात पोकलेन मशीनों द्वारा नदी से रेत निकाली जा रही है, लेकिन अब तक विभाग की ओर से कोई बड़ी कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। क्षेत्र में बढ़ते अवैध खनन के कारण नदी का जलस्तर और पारिस्थितिकी तंत्र भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जिम्मेदार विभागों की चुप्पी माफियाओं को और अधिक बढ़ावा दे रही है।

### जानकारी मिली है

मुझे जानकारी मिली है कि नदी पर अवैध खनन हो रहा है। मैं खनिज विभाग को इस बारे में सूचित कर रहा हूं। हम जल्द ही अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचेंगे और जो भी व्यक्ति इसमें लिप्त पाया जाएगा, उसके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

**रामनिवास धाकड़,**
**सुठालिया तहसीलदार**

### राजस्व की खुली लूट

नदी से अवैध रूप से निकाली जा रही यह रेत सीधे तौर पर सरकारी खजाने पर डाका है। जानकारों का कहना है कि यदि प्रतिदिन 50 ट्रैक्टर रेत निकाली जा रही है, तो इसका सीधा मतलब है कि शासन को मिलने वाला लाखों का रॉयल्टी शुल्क माफियाओं की जेब में जा रहा है। पिछले साल की जब्ती की कार्रवाई के बावजूद माफियाओं के हौसले पस्त नहीं हुए हैं, जो स्थानीय प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है।

### प्रमुख बिंदु: एक नजर में खनन का सेमलापार और सेकनपुर पार्वती नदी घाट

- **माफिया की ताकत:** प्रतिदिन 40 से 50 ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत का अवैध परिवहन।
- **भारी मशीनों का प्रयोग:** पोकलेन मशीनों से खुलेआम हो रही खुदाई।
- **आर्थिक नुकसान:** राजस्व विभाग को अब तक करोड़ों की हानि होने का अनुमान।
- **पुराना रिकॉर्ड:** पिछले वर्ष भी अवैध खनन के चलते विभाग ने एक पोकलेन मशीन जब्त की थी।